''लिखावित स्वामी श्री ७ सहजानंदजी महाराज जत परमहंस मुक्तानंद स्वामी आदि समस्त परमहंसना नारायण वांचजो'' बीजुं लिखवा कारण एम छे जे परम हंस सर्वने वस्त्रराखवानी नीत्य अमे लखी छे ते प्रमाणे रहेवुं ॥ डोढ रुपैयाना बे पहिरवास धोतीआना ॥ तथा सवा रुपैयानी पछेडी एक तथा पांच आनानी कौपीन बे तथा अरधा रूपैयानो माथे बांध्यानो रुपाल तथा एक सवा रूपैयानी धाबली एक तथा रसोई करवा समये पेरवानो कटको एक पा रुपैया वालो तथा बे आनानुं गरणुं पाणी गारवानुं एक तथा पांच आनानी जोडी एक ॥ एवी रीत्यना मुलवाला वस्त्र नवां माग्याा विना कोईक ग्रहस्थ आपे ते लेवां पण नवो वस्त्र मांगवा नहि अने जो मागसे ते वचनद्रोही गुरुद्रोही छे अने जो माग्या विना आ वस्त्र न मले तो आटला वस्त्र प्रथम मुल लख्युं तेवा मुलवालां छो महिना पेरेलां ग्रहस्थ पासेथी मागी लेवां अने वस्त्र राखवां ते राति मृतिका मां रंगीने राखवा पण धोलां न राखवा अने शिक्षापत्रीमां कह्युं छे ते रीत्ये सर्वने वर्तवुं । बीजु जडभरतजीने पेठे निर्मानी पणे वर्तवुं तथा पदारथने विषए आसक्ति न राखवी । बीजुं आलख्युं छे ते प्रमाणे वस्त्र न राखे ने तेथी अधिक राखे तथा धणां मुलवाळुं राखे तो तेने पंक्ति बहार करवो अने तेना हाथनी रसोई न जमवी अने एक चांद्रायण व्रत करे त्यारे तेने समा लेवो ॥

संवत १८८४ ना प्रथम अषाढी-३ ॥

श्रीहरि के प्रसादी का यह पत्र श्री स्वामिनारायण म्युजियम के हाल नं. ९ में सभी के दर्शनार्थ रखा गया है। सभी हरिभक्त इसका लाभ अवश्य लें। इस हस्ताक्षर का दर्शन भी बड़े पुण्य वालो को ही होता है।

प.पू. बड़े महाराजश्री के स्ववचनवाली कोलरट्युन मोबाईळ में डाउन लोड करने के लिये अधोनिर्दिष्ट करें ।
मोबाईल में टाईप करें : cf 270930 टाईप करें 56789
नम्बर पर : S.M.S. करने से कोलरट्युन प्रारंभ होगा । नोंट : cf टाईप करने के बाद एक स्पेस छोड़कर

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रसादी के हनुमानजी महाराज का विशेष पूजन

काली चतुर्दशी ता. २२-१०-१४ बुधवार को प्रात: ८ बजे से ११-०० बजे तक पूजन रखा गया है। हनुमानजी महाराज के पूजन में सभी हरिभक्तों को पूजन का लाभ मिले इस हेतु से सपत्नीक बैठने की व्यवस्था की गई है। जिन हरिभक्तों को ऐसा अलौकिक लाभ लेने की इच्छा हो वे ११००/- रुपये (एक हजार एकसो रुपये) म्युजियम में भरकर पक्की रसीद प्राप्त करलें।

अधिक जानकारी के लिये मो. ९८७९५४९५९९, २७४८९५९७, ९९२५०४२६८६ प.भ. परसोत्तमभाई (दासभाई) का संपर्क करें।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि सितम्बर-२०१४

रु.।२५,०००/-	श्री स्वामिनारायण एकेडमी, निकोल नरोडा रोड, बापूनगरर
रु.।२१,०००/-	प.भ. बलवंतसिंह एम. डाभी, डांगरवा (दूध-दहीं का उत्सव मनाया गया उसके सन्दर्भ में)
रु.।११,१११/-	अ.नि.प.भ. मणीलाल लक्ष्मीदास भालजा साहब के ११२ वें जन्मोत्सव प्रसंग पर (प्रेरक अ.नि. नन्दलालभाई बी. कोठारी कृते प्रबोधभाई सी. झाला तथा जय जे. पुजारा।
रु.।११,०००/-	प.भ. धीरजभाई के. पटेल सोलारोड, अमदावाद
रु.।११,०००/-	एक हरिभक्त, सोला रोड, अमदावाद
रु.।११,०००/-	प.भ. भूपेन्द्रभाई प्रभुदासपटेल रखीयाल (दीया फेब्रीकेशन उद्घाटन निमित्त)
रु.।११,०००/-	प.भ. पटेल कल्पेशभाई केशवलाल, भाउपुरा
रु.।१०,०००/-	घनश्याम इन्जिनीयरिंग इन्डस्ट्रीज बोपल कृते मीनाबहन के. जोषी
रु.।५,०००/-	निपुन के पुत्र चि. विवा के जन्म दिन पर घाटलोडीया कृते निर्मलाबहन भरतभाई पटेल
रु.।५,०००/-	कमलेश हरगोविंददास शाह, अमदावाद
रु.।५,०००/-	तेजस गौतमभाई पटेल, नारणपुरा.

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति के अभिषेक की नामावलि (सितम्बर-२०१४)

ता. २१-९-१४	श्री नरनारायणदेव युवक मंडल तथा महिला मंडल श्री स्वामिनारायण मंदिर कांकरिया
ता. २७-९-१४	नैषद के जन्म दिन पर सायन्ससिटी, कृते जागृतिबहन तथा कमलेशकुमार सोला, अमदावाद (भाउनपुरावाला)
ता. २८-९-१४	श्री स्वामिनारायण सत्संग समाज जीवराजपार्क।
	श्री स्वामनारायण मंदिर बालवा (महिला मंडल) कृते लीलाबहन सोमाभाई, हीराबहन रमणभाई, शांताबहन जेसंगभाई

- एटलान्टा मंदिर पाटोत्सव प्रसंग पर
- बायरन मंदिर पाटोत्सव प्रसंग पर
- डिट्रोईट मंदिर पाटोत्सव प्रसंग पर
- वोशिंग्टन मंदिर पाटोत्सव प्रसंग पर

सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. बड़े महाराजश्री प्रात: ११-३० को आरती उतारते हैं।

संप्रदाय में एकमात्र व्यवस्था स्वामिनारायण म्युजियम में महापूजा। महाभिषेक लिरवाने के लिए संपर्क कीजिए।

म्युजियम मोबाईल : ९८७९५ ४९५९७, प.भ. परषोत्तमभाई (दासभाई) बापुनगर : ९९२५०४२६८६

www.swaminarayanmuseum.org/com • email:swaminarayanmuseum@gmail.com

सत्संग बालवाटिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

ज्ञानपूर्वक अच्छी दीपावली

(शास्त्री हरिप्रियदासजी, गांधीनगर)

दीपावली शब्द कान में पडते ही मन में अनेक विचार आने लगते हैं। नये नये कपडे पहनेंगे, भिन्न- भिन्न प्रकार की मिठाई खायेंगे, अनेकों प्रकार के व्यज्जन खायेंगे फटाका फोंडेंगे और दीपावली का आनंद लेंगे। ऐसा विचार सभी को आता है न ? लेकिन दीपावली का लक्ष्मीजी के साथ क्या सम्बन्ध?

पुराण की कथा है। एक बार क्रोधकी मूर्ति दुर्वासा मुनि को मार्ग में स्वर्ग के राजा इन्द्र मिल गये। वे अपने ऐरावत हाथी पर बैठे थे। सभी उनका जयकार बोल रहे थे। दुर्वासाजी भी इन्द्र का अभिवादन करने को खडे हो गये। जैसे ही इन्द्र की सवारी आयी उन्होने स्वयं पहना हुआ हार इन्द्र को अर्पण करने हेतु फेंका। हार ठीक इन्द्र के गले में जा गिरा। परंतु इन्द्रने उस हार को स्वीकार्य किये बिना ही हाथी के मस्तक पर रख दिया और हार तुरंत नीचे गिरकर हाथी के पाँव तले कुचल गया। दुर्वासाने अपनी आंखो से यह देखा और क्रोधित हुए। इन्द्र को श्राप देते हुए कहे कि हे इन्द्र जिस धन संपत्ति का तुम्हे इतना घमंड है। वह त्रिलोकी लक्ष्मी का नाश हो जायेगा ''ऐसा कह कर वे वहाँ से चले गये।

कुछ समय बाद त्रिलोक में से सबकुछ नष्ट होने लगा। सब जगह भूखमरे की स्थिति हो गयी। इन्द्रादि देवगण भी दुःखी हो गये। और भगवान के शरण में गये। भगवानने सभी की बात सुनकर आश्वासन देते हुए उपाय बताया की आप देवगण - गंधर्व और असुरगण साथ में मिलकर समुद्र मंथर करीये। मंडराचल पर्वत का और वासुकी नाग की सहायता लीजिए। वासुकी नाग के मुख की ओर देवगण तथा पूंछ की ओर असुरगण रहेंगे। और समुद्र मंथन करें। मंथन करने से त्रिलोक को सुख-शांति, सपत्ति पुनः प्राप्त होगी।

मंडराचल पर्वत को समुद्र में रखा गया। प्रभु से प्रार्थना की तो भगवान बडें से कछुए के स्वरुप को धारण करके अवतरित हुए। और अपनी पीठ के ऊपर मंडराचल पर्वत को धारण किया। मुख की तरफ देवगण तथा पूंछ की ओर दानवगण के होने के कारण उनके बीच में झगडा होने लगा। दानवो ने कहा हम मुख ओर रहेंगे और देवगण पूंछ की ओर। पुनः उनके बीच समाधान करवाया गया। मंथन की प्रक्रिया का आरंभ किया। समुद्र मंथन करते समय बिच निकला। जिसे लेने को कोई तैयार नहीं हुआ। उस विष को महादेवजी ने पान किया। उसके बाद ऐरावत हाथी निकला उसे इन्द्रने रख लिया। चौदह रत्नो की प्राप्ति हुई।

भगवान धन्वतंरी भी प्रगट हुए वह दिन आश्विन कृष्णपक्ष-१३ का था। इसीलिए उस दिन को धनतेरश के रुप में मनाया जाता है। दूसरे दिन को कालीचतुर्दशी के रुप में पवनपुत्र हनुमानजी की पूजा-आरधना करके मनाया जाता है। समुद्र मंथन चालू रहा। मंथन करते हुए आश्विन कृष्णपक्ष-३० (अमावास्या) को समुद्र में से साक्षात् लक्ष्मीजी प्रगट हुई। वे नारायण भगवान को प्राप्त हुई।

भगवान की आज्ञा से लक्ष्मीजी की कृपाद्रष्टि से त्रिलोक के देव, मनुष्य, प्राणियों को सुख प्राप्त हुआ। इस प्रकार सुख के दिन पुनः प्राप्त हुए इसीलिए उस दिन का नाम दीपावली पड़ा। इस दिन घर-घर में दिये जलाये जाते हैं। घर को साफ करके रंगोली बनाई जाती है। मीठाईयाँ बनाईजाती है। क्योंकि लक्ष्मीजी को स्वच्छता, मीठास, प्रकाश प्रिय है। इस दिन लक्ष्मीजी का पूजन किया जाता है। परंतु यह सदैव याद रखना चाहिए कि जो नरनारायण को छोडकर लक्ष्मीजी का पूजन करते हैं उनपर लक्ष्मीजी कभी प्रसन्न नहीं होगी।

इससे ख्याल आगया होगा कि दीपावली और लक्ष्मीजी के बीच क्या संबंधहै। प्यारे भक्तों ! तब से दीपावली उत्सव की परंपरा चली आ रही है। परंतु वास्तविक महत्व जब तक समझ में नहीं आये तब तक दिपावली का वास्तविक आनंद नहीं प्राप्त हो सकता।

जो जीवन में सदैव दपावली जैसा आनंद रखना चाहते हैं। वे ब्रह्मानंद स्वामी के इन शब्दों का स्मरण करें।

''ब्रह्मानंद ना रे व्हाला तम संग रमता मारे,

दहाडी, दहाडी छे दिवाली, हैडामां मूने व्हाला लागो छो वनमाली।''

परिवार में एकता हो ओर जीवन में इष्टदेव स्वामिनारायण भगवान का दृढ आश्रय हो तो जीवन में ब्रह्मानंद स्वामी के वचन पर्याप्त प्रतीत होते हैं।

बालवाटिका के वाचन भक्तों को नूतन वर्ष की अनेकानेक शुभकामना के साथ नूतनवर्षा भिनंदन सह जय स्वामिनारायण।

पेईज नं. २५

श्री स्वामिनारायण

भक्तिसुधा

प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से "संसार से विरक्ति का नियमित अभ्यास करना चाहिए"

(संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर)

हम एकादशी की सत्संग सभा का नित्य श्रवण करते है और सत्संग से जुड़ते हैं। यह सब कुछ हम क्यों करते हैं ? संसार में से मन को हटाने के लिये। तो सत्संग करने के पश्चात भी संसार में से मन को हटाने के लिये क्या करना चाहिए ? तो सत्संग करने के बाद मनन, चिंतन करने से मन तृप्त - शांत होगी। यदि खाली बल्टी को नदी में से भरकर शरीर पर गिरा भी दिया जाय तो भी प्यास नहीं बुझती उसके लिए पानी पीना पड़ता है। उसी प्रकार कथा सुनने के बाद संसार में से मन को हटाने के लिये अभ्यास तो करना ही पड़ता है। संसार में से मन को हटाकर भगवान में चित्त लगाना चाहिए।

परंतु संसार मे से मन को हटाना मुश्किल है और परमात्मा से जुड़ना आसान है। परमात्मा मे मन लगाना इसलिए आसान है कि एकबार यदि संसार से मन हटजाय तो अपने आप भगवान में मन लग जायेगा। परंतु इतनी आसानी से संसार से हटता नहीं है। इसका कारण हमारे मन में भरी हुई माया है। और संसार भी मायावी है। दोनो का स्वभाव समान है। ओर जब दो समान स्वभाववाले एकत्र होतें हैं तब दोनो में ज्यादा पटती है। दृष्टांत के स्वरुप हमें भोजन या टी.वी. दिखते समय निंद्रा नही आती परंतु पूजा-जप या कथा सुनते हुए निंद्रा आती है। क्योंकि दोनो का स्वभाव विपरीत है। उसकी मायावी वस्तुके साथ ज्यादा बनती है। परंतु हमे माया परमात्मा मायावी नही है लेकिन मन मायावी है इसलिये डरना नहीं चाहिए और कायर होकर बैठना भी नही चाहिए। मनको समझाना चाहिए। जिस प्रकार प्रिंसीपाल एक ही समय चेकिंग के लिए निकले तो सब चौंकने हो जायेंगे और शिष्टतापूर्वक व्यवहार करेंगे इसीलिए वे भिन्न-भिन्न समय चेकिंग के लिए आते हैं। उसी प्रकार मनका भी अचानक चेकिंग करना चाहिए जिस से वह इधर उधर भटके नही। जगत में या महाराज में इस प्रकार मनसे झगड़ा करना चाहिए। यह आवश्यक हैं। क्योंकि समाज में अपना अस्तित्व रखने के लिये हम कई लोगों से झगड़ा करते हैं तो एक बार मन से भी झगड़ा करना उचित है। क्योंकि उसका फल भी अच्छा ही है। इस प्रकार अभ्यास द्वारा मन को तैयार करना चाहिए। उसके लिए दृढ संकल्प की आवश्यकता होती है। मुझे ये कार्य करना है किसी भी परिस्थिति में। अति तीव्र इच्छा के साथ तन-मन-धन सब कुछ एक करके, संकल्प शक्ति को दृढ करके मैं यह सब कुछ प्राप्त करके ही रहुँगा। इस दृढ निश्चय के साथ कार्य करना चाहिए। तभी परमात्मा भी सहयोग करेंगे। नहि तो विषयभोग स्वयं हमारा ही भोगकरने लगेगा। और हम को इसका ख्याल भी नही आयेगा। बहुत देर हो जायेगी - तब तक। इसी लिए जगत में अनासक्त बनकर रहना चाहिए। भगवान तो सदैव हमारा कल्याण करने हेतु तत्पर है। परमात्मा को प्राप्त करने में सबसे बड़ी बाधा हम स्वयं ही है। इसीलिए परमात्मा का सम्पूर्ण स्वीकार्य ही परमात्मा की कृपा प्रदान करवायेगा। परमात्मा से नही जुड़ पाने का कारण स्वयं परमात्मा ही। जिस प्रकार स्कूल में पढाई शिक्षक की दया से पास नही हुआ जा सकता उसके लिए अध्ययन करना पडता है, नियमित स्कूल जाना पडता है। अभ्यास करना होता है। जैसी तैयारी करेंगे वैसा ही परिणाम प्राप्त होगा। उसी प्रकार परमात्मा की कृपा प्राप्त करनी हो तो प्रयत्न तो करना ही होगा। आप दस मिनिट ध्यान करेंगे तो दो मिनिट ही परमात्मा से जुड़ पाई। परंतु अपने आप को प्रोत्साहित करना चाहिए तभी आपको बल मिलेगा। श्रीजी महाराजने प्रथम पांचवे वचनामृत में कहा है कि, ''ध्यान करते समय यदि मूर्ति मन में ना भी दिखाई दे तो भी ध्यान करो, कायर बनकर ध्यान छोडना नही चाहिए। इस प्रकार के आग्रहवाले पर भगवान की बड़ी कृपा होती है। और इसकी भक्ति के कारण भगवान भी उसके वश में रहते हैं। ''ध्यान करते समय मन को शांत रखना चाहिए। जिस प्रकार समुद्र में हवा के कारण लहरे उठती है उसी प्रकार विचारकी लहरो के कारण मन अस्त व्यस्त हो जाता है। विचाररुपी हवा के कारण मन अशांत रहता है। हम समुद्र की लहरों को नही रोक सकते क्योंकि वह प्रकृति है। जब की हमारा मन - अंतरात्मा - हमारे हाथ में है। विचारों के उद्वेग से दुःखहोता है ऐसी चीजों के विषय में नही शोचना चाहिए। अभ्यास करके समय पर सभी कार्य पूर्णकर देना चाहिए। मृत्यु को चिरनिद्रा भी कहते हैं। हम शांतिपूर्वक सभी सोते है ? हम को कोई भी चिंता न हो तब। कुछ कार्य बाकी रह गया हो तो स्थिर नीद्रा नहीं आती है। हमें भी जगत में सारे कार्य ऐसे करने चाहिए कि चिर निंद्रा आये और इस जन्म-मृत्यु के चक्र में से छूट जायें। इसी लिए चिर निद्रा के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। कोई कार्य बाकी नही रहना चाहिए की वापस लौटकर आना पड़े। जाना तो सभी को

है, मात्र समय की जानकारी नहीं होती।

ऐसे दिव्य स्थान पर कथा का पान करो मननचिंतन करो। यंत्रकी तरह से नही प्रेम से श्रद्धा से। आप सबको महिमा है इसीलिए यहाँ आप लोग उपस्थित है। परमात्मा प्राप्त करने के संकल्प को बीच में नही छोडना चाहिए। पांच मिनिट ही सही अभ्यास करना चाहिए। अंत:करण में डूबकर अंतर में उतर जाना चाहिए। परमात्मा संकेत भी देते हैं। प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। संकल्पपूर्ति भी करते हैं। सहायता भी करते हैं। इस प्रकार संसार में विरक्ति का अभ्यास नियमित करने से भगवान शक्ति-बल प्रदान करते हैं। अन्य लोग जो सत्संग आज करते हैं उसमें और वृद्धि हो ऐसी नरनारायणदेवके चरणो में प्रार्थना।

अनु. पेईज नं. २३ से आगे

नए वर्ष में सावधान

(साधु श्री रंगदास - गांधीनगर)

एक सलाट भगवान स्वामिनारायण का बड़ा भक्ता था। वह लोया का रहनेवाला था। उसे पताचला कि स्वामिनारायण भगवान लोया गाँव में पधारे हुये है, तो हमारे घर भी पधारे ? भगवान को अनपे घर आने का आमंत्रण दिया। महाराजने उसे हाँ कह दिया।

सलाट का आमंत्रण स्वीकार करके श्रीजी महाराज लोया गाँव में सलाट के घर पधारे। संत-हरिभक्त भी महाराज के साथ पधारे हुये थे। सभा में महाराज के अगल बगल में संत हरिभक्त बैठे हुये है, उनके साथ महाराज बात करते जा रहे थे, उसी समय तरगाला से कुछ लोग आये और महाराज से शिकायत किये कि हे महाराज ! ये सभी पटेल सत्संगी हुये है - हम सभी को खेलने नहीं देते। हमारी खेल को देखते भी नहीं हैं। इसलिये हमारी इनकम घट गयी है। महाराज तरगाला से कहा कि आप लोगों के पास क्या क्या कारीगरी है ? क्या क्या खेल दिखाने हैं ? यह सुनकर उन सभीने कहा कि अनेक प्रकार की क्रीडा करते है, पुतली को नचाते हैं। यह सुनकर महाराजने कहा कि तो, आप सभी अपने खेल को दिखाइये।

महाराज की आज्ञा सुनकर सभी संत, हरिभक्त तैयार हो गये। तरगाला अपने तंबू में जाकर तैयार होकर बाहर आये और पुतलियों की नाच दिखाने लगे लेकिन एक भी पुतली नांच नहीं रही थी। सभी क्रियाविहीन हो गयीं, निश्चल हो गयी। उन पुतलियों को पुन: अपने तंबू में लेजाकर तैयार किया वापस लाकर नचाने लगा, लेकिन एक पुतली हिली तक नहीं। पुन: वापस लेजाकर तैयार कर नचाया तो नाचने लगी लेकिन वही सभा में नहीं नाचती थीं। अव वे सभी तीसरी बार सभा में लाकर नचाने लगे फिर से वे सभी पुतलियां निश्चल हो गयी। अब वह तरगाला महाराज से प्रार्थना करने लगा, हे महाराज आप साक्षात् परमेश्वह हैं, हमारे हाथ में तो इन पुतलियों की डोरी है, आपके हाथ में सारेजगत की डोरी है। आपकी इच्छा नहीं होगी इसलिये हमारी ये पुतलियां नांच नहीं रही है। इसलिये आप दया कीजिये। यह हमारी आजीविका है। श्रीजी महाराज ने कहा चिंतामत करो कुछ कारण हो गया होगा, पुन: प्रयास करो। अपने तंबू में जागर एकवार और तैयारी करके आओ इसके बाद नाचने लगेंगी। तरगाला अपने तंबू में जाकर पुतलियों को सजा धजाकर पुन: वापस ले आया। अब वे पुतलियां व्यवस्थित नांचने लगी। इसे देखकर महाराज खुश हो गये और तरगाला को भोजन करवाये, बाद में उसे उपदेश देकर इनाम दिये। इस तरह की लीला महाराजने लोया में की थी।

प्रिय भक्तो ! यह जगत एक रंगमंच है। मनुष्य मात्र पुतला है। सारे जगत की डोरी भगवानके हाथ में है। भगवान की इच्छा मात्र से सभी नाचते रहते हैं। इसमें किसी का कुछ चलता नहीं है। यह कभी भूलना नहीं चाहिये कि हमारी नाडी भी भगवान के हाथ में है। जब तक उनकी इच्छा होगी तब तक यह पुतला चलता फिरता रहेगा, बाद में तो सदा के लिये स्थिर हो जायेगा। इसलिये सबकुछ का परित्याग करके सबसे पहले भगवान की भजन करनी चाहिये। भजन किये रहेंगे तो पुन: पुतला नहीं बनना पडेगा। अन्यथा पुनरपिजननं पुनरपिमरणं चालू ही रहेगा। इसलिये नूतन वर्ष में सत्संग करते हुए भगवान की भजन करलेनी चाहिये। इससे बेडा पार होजायेगा। नूतन वर्ष का सभी बाल मित्रो को सप्रेम जयश्री स्वामिनारायण

श्री स्वामिनारायण मंदिर जेतलपुरधाम
मोबाईल नं. ९०९९९३९३७६
अक्षर महोल वाडी जेतलपुर
मोबाईल नं. ९०९९८८२५००

समस्त सत्संग की जानकारी हेतु

समस्त सत्संग को सूचित किया जाता है कि श्री स्वामिनारायण मंदिर विरमगाँव (बहनों का) में रहती हुई सां.यो. गीताबा तथा श्री स्वामिनारायण मंदिर कलोल (बहनों का) में रहती हुई विमलाबा दोनो बहने संप्रदाय की प्रणालिका (नियम) का उल्लंघन करके अपनी मर्जी से चली गयी है। जिससे उन्हें श्री नरनारायणदेव देश के शिखरी मंदिरों में या हरिमंदिरो में आश्रय नही देना है।

यह जानकारी समस्त सत्संग को होनी जरुरी है।

- आज्ञा स

श्री स्वामिनारायण

सत्संग समाचार

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से तथा प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री के आशीर्वाद से श्री नरनारायणदेव महामहोत्सव के उपलक्ष्य में संत-हरिभक्तों द्वारा गाँव में सभाओं का आयोजन

श्री स्वामिनारायण मंदिर डांगरवा (वांटो)

श्री स्वामिनारायण मंदिर डांगरवा, (वांटो) में ता. १२-९-१४ से ता. १४-९-१२ तक सुबह ८ से प्रारंभ ४९ घंटे तक श्री स्वामिनारायण महामंत्र की अखंड धुन की गयी । भाइओं तथा बहनोने बडी संख्या में धून में भाग लिया । धून की पूर्णाहुति के बाद बड़ी संख्या में सभी को प्रसाद दिया गया । इस प्रसंग पर माधवप्रिय स्वामीने कथावर्ता का लाभ दिया ।(कोठारी रजुजी डाभी, कोरडीनेटर डाभी अनंतसिंह)

श्री स्वामिनारायण मंदिर नारायणघाट

स.गु. महंत स्वामी देवप्रकाशदासजी तथा महंत स्वामी पी.पी. स्वामी (नारायणघाट) की प्रेरणा से श्री स्वामिनारायण मंदिर नारायणघाट मे स.गु. शतानंद मुनिकृत भगवान श्री स्वामिनारायण के दिव्य १०८ नामो की जनमंगल नामावली का पाठ ता. २०-८-१४ को शनिवार रात में ८-३० से १०-३० तक आयोजन किया गया । जिस में २०० जितने हरिभक्तों ने भाग लिया श्री नरनारायणदेव युवक मंडल (नारायणघाट) की सेवा प्रेरणारुप थी । (डॉ. गोविंदभाई)

भाभर (बनासकांठा) में सत्संग सभा

बनासकांठा में सत्संग का बहुत विस्तार हुआ है । डीसा, भाभर, दियोदर, यरा आदि गाँवो में सत्संग की प्रवृत्ति की वृद्धि हुई है । अमदावाद मंदिर के स.गु. महंत शा. स्वा. हरिकृष्णदासजी के शिष्य कोठारी मुनि स्वामी की प्रेरणा से सत्संग प्रवृत्ति गतिमान है । ता. १-८-१४ को अमदावाद से शा. राम स्वामी, शा. चैतन्य स्वामी (कोटेश्वर), शा. स्वा. छपैयाप्रसाददासजी तथा कोठारी शा. मुनि स्वामीने महापूजा करके ठाकुरजी के साथ हरिभक्तों के घर में पधरामणी की । कथा-वार्ता का लाभ भी दिया । आगामी उत्सवों की जानकारी दी । (नटुभाई कानाबार)

नांदोल गाँव में १५१ मिनिट की धुन का आयोजन

नांदलो में समस्त सत्संग समाज तथा नरोडा से नरनारायणदेव युवक मंडल द्वारा ता. १४-९-१४ को रात में ८ से १०-३० तक १५१ मिनिट की महामंत्र धून की गयी । इस प्रसंग पर शा. चैतन्य स्वामी, शा. मुनि स्वामी आदि संतगण भी पधारे हुये थे । सभा में धून की पूर्णाहुति के बाद श्री नरनारायणदेव माहात्म्य के साथ उत्सव की जानकारी दी गयी । हरिभक्त बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किये । दहेगाँव आदि गाँवोने सुंदर सेवा की । (कोठारीश्री नंदोल)

माणेकपुर (चौधरी) श्री स्वामिनारायण मंदिर में अ.नि. स्वामी करशनदासजी की पुण्य तिथि के अवसर पर सत्संग सभा का आयोजन

माणेकपुर (चौधरी) श्री स्वामिनारायण मंदिर में अ.नि.स.गु. स्वामीश्री करशनदासजी की स्मृति में तथा श्री नरनारायणदेव महोत्सव के उपलक्ष में विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गये । जिस में श्री स्वामिनारायण महामंत्र की १२ घंटे की अखंड धून गाँव के समस्त हरिभक्तोंने साथ मिलकर की । इस प्रसंग पर अमदावाद मंदिर से शा. पी.पी. स्वामी (नारायणघाट) शा. छपैयाप्रसाददासजी, नीलकंठ स्वामी, हरिप्रकाश स्वामी तथा देव स्वामीने कथावार्ता का लाभ दिया । इस प्रसंग पर अन्नकूट के यजमान मोहनभाई चौधरी थे । सभा संचालन श्री शंभुभाई चौधरीने किया । (कोठारी रमेशभाई तथा डाह्याभाई चौधरी)

श्री स्वामिनारायण मंदिर कर्मशक्ति पार्क (नरोडा) में १५१ मिनिट की अखंड धून का आयोजन

श्री स्वामिनारायण मंदिर कर्मशक्ति पार्क (नरोडा) में ता. १४-९-१२ रविवार को सुबह ८ से १०-३० तक श्री स्वामिनारायण महामंत्र की १५१ मिनिट की धून की गयी । इस प्रसंग पर नारायणघाट से महंत पी.पी. स्वामी, शा. चैतन्य स्वामी, कोठारी शा. मुनि स्वामी, शा. छपैयादासजी तथा हरिप्रकाशदासजी आदि संतोने धून का लाभ लिया । संतो द्वारा कथा के बाद १००० जितने पधारे हुए हरिभक्तोंने धुनि पूर्णाहुति के बाद प्रसाद ग्रहण किया । इस प्रसंग में ट्रस्टी मंडल, युवक मंडल तथा बहनो की सेवाप्रेरक थी । (पुजारीश्री कर्म शक्ति मंदिर)

श्री स्वामिनारायण मंदिर मेडा (खारवरीया) में एकादशी सभा

मेडा गाँव में ६० वर्ष से प्रत्येक महीने की शुक्लपक्ष एकादशी को खाखरीया विस्तार के भिन्न-भिन्न गाँव में सुबह ८-०० से साम के ५-०० बजे तक भजन का आयोजन किया जाता है । ता. १९-९-१४ एकादशी को अमदावाद मंदिर से स.गु. शा. पी.पी. स्वामी (नारायणघाट महंतश्री), शा. छपैयाप्रसाददासजी, स्वामी निलकंठदासजी स्वामी हरिप्रकाशदासजी, प.भ. रतीभाई खीमजीभाई पटेल (ट्रस्टीश्री), प.भ.ओधवजीभाई आदि भक्तगण अमदावाद से पधारे थे । संतो ने कथावार्ता की ।

(कोठारीश्री मेडा)

माधवगढ (तलोद) में समूह महापूजा का आयोजन

माधव गढ (ता. तलोद) में ता. २१-९-१४ रविवार को समूह महापूजा का सुंदर आयोजन किया गया । १२५ जितने भक्तोंने लाभ लिया ।

इस प्रसंग पर शा.स्वा. चैतन्यदासजी, शा. कुंज स्वामी तथा हरिप्रकाशदासजीने महापूजा का माहात्म्य कहा । शा. पी.पी. स्वामी (नारायणघाट) ने पूर्णाहुति की आरती की । प.भ. कनुभाई, युवक मंडल तथा महिला मंडल ने सुंदर सेवा की । गाँव के भक्तोंने तन, मन, धन से सेवा की । (कोठारीश्री माधवगढ)

श्री स्वामिनारायण मंदिर जीवराजपार्क में प्रथम बार श्रीहरि स्मृति पंचान्ह रात्रीय पारायण का आयोजन

श्री स्वामिनारायण मंदिर जीवराजपार्क मे ता. २-९-१४ से ता. ६-९-१४ तक श्रीहरि पंचान्ह रात्रीय पारायण सम्पन हुआ ।

कथा के वक्तापद पर स.गु. शा. स्वा. चैतन्यस्वरुपदासजी (कोटेश्वर) ने सुंदर कथा की । जिस के यजमान मंदिर के ट्रस्टीश्री तथा श्री नरनारायणदेव युवक मंडलने भाग लिया । कथा प्रसंग में प.पू. लालजी महाराजश्री ने पधारकर आशीर्वाद दिये ।

अमदावाद मंदिर से स.गु. महंत शा.स्वा. हरिकृष्णदासजी स.गु. स्वामी देवप्रकाशदासजी, स.गु. शा.पी.पी. स्वामी (नारायणघाट महंतश्री) आदि संतोने पधारकर अपनी अमृतवाणीका लाभ दिया । पूर्णाहुति के दिन प.पू. बड़े महाराजश्री पधारे थे । सभी हरिभक्तोंने पूर्णाहुति के बाद प्रसंग ग्रहण किया । सभा संचालन प.भ. भरतभाई ठक्करने किया ।

(कोठारीश्री, जीवराजपार्क मंदिर)

श्री स्वामिनारायण मंदिर नवावाडज ८ वी सत्संग सभा

श्री स्वामिनारायण मंदिर नये वाडज में स.गु. शा.स्वा. चैतन्यस्वरुपदासजी तथा स्वामी हरिप्रकाशदासजी आदि संत मंडलने ता. ७-९-१४ रविवार को कथा वार्ता का सुंदर लाभ दिया । श्री नरनारायणदेव युवक मंडलने सुंदर आयोजन किया था । प.भ. गोविंदभाई के परिवारने यजमान पद का लाभ लिया । अंत में आरती के बाद सभी ने सभा पूर्ण होते ही प्रसाद ग्रहण किया । (कोठारीश्री, नयावाडज)

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से स.गु. शा.स्वा. धर्मप्रवर्तकदासजी (गुरु पू. ध्यानी स्वामी) तथा चैतन्य स्वामी द्वारा श्री नरनारायणदेव महोत्सव के उपलक्ष्य में कुल १० सत्संग सभा का आयोजन विभिन्न गाँवो में किया गया ।

(१) गुलाबपुरा : गांव में हरिभक्तों के लिये सुंदर कथा वार्ता हुई ।

(२) ईटादरा : में ता. २२-८-१४ से २६-८-१४ तक स.गु. निष्कुलानंद स्वामी द्वारा रचित श्री पुरुषोत्तमप्रकाश ग्रंथ का पारायण करके हरिभक्तों को प्रसन्न किया । (कोठारीश्री)

(३) वागोसणा में : ता. २७-८-१४ से २९-८-१४ तक स.गु. निष्कुलानंद स्वामी द्वारा रचित स्नेहगीता की कथा का पान समस्त गाँव के हरिभक्तोंने करवाकर देव, आचार्य के प्रति निष्ठा तथा प्रामाणिक रहने का आग्रह किया । (गुरु स्वामी)

(४) सोजागाँव मे : सत्संग सभा का आयोजन किया गया । जिस में समूह महापूजा का भी सुंदर ायोजन किया गया । शास्त्री धर्मप्रवर्तक स्वामीने महापूजा की समग्र पूजा करवाई । ता. ३०-८-१४ से ता. ३-९-१४ तक कथा आदि करके हरिभक्तों को प्रसन्न किया । चैतन्य स्वामीने भी सेवा की । (कोठारीश्री मोतीलाल पटेल)

(५) कोठा गाँव में : ता. ४-९-१४ तथा ५-९-१४ इस प्रकार दो दिन धर्मप्रवर्तक स्वामीने सभा में कीर्तन भ्कति करके श्री नरनारायणदेव का माहात्म्य समझाया । कोठारी हरिभाई तथा श्री नरनारायणदेव युवक मंडल तथा पूजारी राम भगतने प्रेरणारुप सेवा की । कई नए आश्रित भी बहने । चैतन्य स्वामीने सभा संचालन किाय ।

(६) भात-खाशीन्ग्रा-पालडी-काकंज : में सत्संग सभा यहाँ के गाँवो में धर्मप्रवर्तक स्वामीने सत्संग सभा में धर्म, ज्ञान, वैराग्य तथा भक्ति के साथ श्री नरनारयणदेव तथा धर्मकुल की महिमा कही । सत्तशास्त्र, नियम, निश्चय का पक्ष रखने का आग्रह किया । चैतन्य स्वामीने भी सुंदर बोधदिया । (कोठारी बंसीभाई)

(७) दियोदर में सत्संग सभा : ता. २१-९-१४ से २३-९-१४ तक दीन दिन सभा में धर्मप्रवर्तक स्वामीने व्यसन मुक्ति, श्री नरनारायणदेव का माहात्म्य, आचार्य महाराजश्री का माहात्म्य तथा नियम, निश्चय तथा पक्ष की बात की थी । सभा में दिलीपबाई ठक्कर तथा नविनभाई आदि हरिभक्तोंने प्रेरणा स्वरुप कार्य किया । चैतन्य स्वामीने सुंदर बाते कही । प.पू. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से तथा कालुपुर मंदिर के कोठारी मुनि स्वामी गुरु महंत शा.स्वा. हरिकृष्णदासजी के साथ सहकार प्रेरणा से भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है । (दिलीपभाई ठक्कर)

(८) वणझर गाँव में सत्संग सभा : यहाँ के श्री स्वामिनारायण मंदिर में धर्मप्रवर्तक स्वामी तथा चैतन्य स्वामीने सुंदर कथा में देव, आचार्यश्री का महिमा, नियम, निश्चय तथा पक्ष की सुंदर बाते की । कोठारी रमणभाई आदि हरिभक्तोने प्रेरणारुप सेवा की । (धर्मप्रवर्तक स्वामी)

(९) सरढव गाँव में सभा : श्री स्वामिनारायण मंदिर में शा. स्वा. धर्मप्रवर्तकदासजी तथा चैतन्य स्वामीने सभा में देव, आचार्यश्री का माहात्म्य कहा । श्रीहरि द्वारा स्थापित दो गादीओं की महिमा समजाकर श्री नरनारायणदेव की दृढ निष्ठा रखने का विशें, आघर्ह किया । (कोठारीश्री)

(१०) श्री स्वामिनारायण मंदिर बोलल ७वाँ ज्ञानसत्र तथा सत्संग सभा : यहां के श्री स्वामिनारायण मंदिर बोपल में प.पूध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा-आसीर्वाद से ता. ३-९-१४ से ८-९-१४ तक श्रीमद् भागवत् पंचम स्कंधकी कथा शा.स्वा. धर्मप्रवर्तकदासीजने कही । कथा प्रसंग में एप्रोच मंदिर से महंत स्वामी लक्ष्मणजीवनदासजी तथा हरिकृष्ण स्वामीने सर्वोपरि उपासना की बाते समझाई । अमदावाद मंदिर से संतगण पधारे थे ।

प.भ. श्री रतिभाई पटेल (ट्रस्टीश्री) कोठारी अमृतभाई तथा बोलल के सभी हरिभक्तों के सुंदर सहयोग से ६०० भक्तोंने प्रसंग का लाभ लिया।(कोठारी अमृतभाई पटेल)

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से श्री नरनारायणदेव महोत्व के उपलक्ष में शास्त्री कूंजविहारीदासजी तथा प्रतिक भगतने गवाडा, विहार, कुकरवाडा, भीमपुरा, वजापुर, जेपरु, हातीपुरा, मारुसणा तथा देत्रोज गाँव में महापूजा, कथावार्ता आदि करके हरिभक्तो को प्रसन्न किया । सभा के यजमान अंकितभाई, दीक्षीतभाई, नरेन्द्रभाई, भक्तिभाई तथा सतीषभाईने लाभ लिया।

(शा. कूजं स्वामी)

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के ४२ वें प्राकट्यत्सव प्रसंग के उफलक्ष में हुई सभाए,
श्री स्वामिनारायण मंदिर कलोल (श्रीनगर) समूह महापूजा

श्री नरनारायणदेव महोत्व के उफलक्ष में तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के ४२ वे प्राकट्योत्सव के उपलक्ष में संतो की प्रेरणा से श्री स्वामिनारायण मंदिर कलोल (श्रीनगर) में समूह महापूजा ता. २०-९-१४ को सुबह ८-०० बजे की गयी।जिस में ८०० जितनी पिठ बनाई गयी थी । शा.स्वा. चैतन्यस्वामी, शा. दिव्यप्रकाशदास तथा स्वामी हरिप्रकाशदासजीने महापूजा की विधि३ घंटे तक करवायी । समापन में भी यजमान की आभार विधिकी।पुजारी अश्विनभाई तथा युवक मडंल की सेवा प्रेरणारुप थी। (कोठारीश्री (श्रीनगर) कलोल)

एप्रोच (बापुनगर) श्री स्वामिनारायण मंदिर में सत्संग सभा तथा खिचडी उत्सव

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आगामी ४२ वे जन्मोत्सव तथा गादीपदारु दशाब्दी महोत्सव के उपलक्ष में अपने कई मंदिरो में विशेष सत्संग सभाओ का आयोजन किया जा रहा है ।धर्मकुल परिवार के आशीर्वाद से तथा महंत स्वामी की प्रेरणा से ४५० वी सभा का आयोजन ता. ३१-८-१४ को यहाँ के मंदिर में किया गया।

कालुपुर, जेतलपुर, काकंरिया तथा पंचवटी कलोल मंदिर से संतगण पधारे थे।धुनि-कीर्तन भक्ति के बाद गुरुप्रसाद स्वामी, शा. भक्तिनंदन स्वामी तथा हरिकृष्ण स्वामीने प्रासंगिक उद्बोधन किया था।

अंत में खिचडी उत्सव मनाया गया।जिसका प्रसाद १८०० भक्तोने ग्रहण किया । प.भ. जनकभाई गजेराने यजमान पद का लाभ लिया। (गोरधनभाई सीतापार)

श्री स्वामिनारायण मंदिर वावोल (बहनों का)

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के ४२ वे जन्मोत्सव पर ता. १६-९-१४ को २४ घंटे की महामंत्र धुनि की गयी । जन्माष्टमी के वडनगर के महंत स.गु. शा.स्वा. नारायणवल्लभदासजी ने महापूजा करवाई।जिस में सांख्ययोगी बहने प्रेरणास्त्रोत रुप थी।

(कोठारीश्री)

श्री स्वामिनारायण मंदिर कांकरिया

श्री बालस्वरुप कष्ट भंजनदेव की कृपा से तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से कांकरिया मंदिर के महंत स्वामी गुरुप्रसाददासजी तथा महंत स्वामी आनंदप्रसाददासजी की प्रेरणा से जलझीलणी एकादशी को श्रीहरि को जलक्रीडा करवा कर श्री गणतिजी की विसर्जन शोभायात्रा कांकरिया मणिनगर विस्तार में घुमाकर कांकरिया तालाव में प्रसादी के स्थान पर सुदंर सभा में उत्वीय मंडल द्वारा उत्सव करते हुए संतो की पेरक वाणी के साथ आरती की गयी । नाव द्वारा श्री गणपतिजी को जलक्रिडा करवाकर उत्सव मनाया गया । शोभायात्रा में ट्रेक्टर बग्गी, बेन्डवाजा, ऊंटगाडी, तथा अनेक वाहन थे।

कांकरिया श्री नरनारायणदेव युवक मंडल द्वारा श्राद्ध पक्ष में १५ दिन तक भिन्न-न्नि भक्तों के घर संतो के साथ जाकर धून-भजन-कीर्तन का आयोजन किया सभी के लिये प्रसाद की व्यवस्था की गयी थी । कांकरिया मंदिर के अ.नि. स.गु.शा.स्वा. हरगोविंददासजी की पुण्यतिथि के अवसर पर मंदिर में धून-भजन-कीर्तन आदि किये गये। (हिरेन पटेल कांकरिया)

श्री स्वामिनारायण मंदिर दोलाराणा वासणा

श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीकी आज्ञा से सभी हरिभक्तोंने मिलकर जन्माष्टमी मनाई । सुंदर सिंहासन में बिराजमान घनश्याम महाराज के सानिध्य में ठाकुरजी को पालने में रखकर जन्मोत्सव मनाया गया । बहनोंने प्रसाद की सेवा की । पुजारी हसुमतीबहन की प्रेरणा से उत्सव मनाया गया। (कोठारी, जोईताभाई चौधरी)

श्री स्वामिनारायण मंदिर आदिश्वर नरोडा द्वितीय पाटोत्सव

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीकी आज्ञा से, स.गु. बलदेव स्वामी गुरु गवैया स्वामी की प्रेरणा से ता. ७-९-१४ को मंदिर का द्वितीय पाटोत्सव मनाया गया।

इस प्रसंग के उपलक्ष में ता. १-९-१४ से ५-९-१४ तक शा.स्वा. हरिकृष्णदासजी (एप्रोच मंदिर) के वक्तापद पर श्रीमद् सत्संगिजीवन के पंचान्ह पारायण का आयोजन किया गया । ता. ७-९-१४ को सुबह में प.पू. बड़े महाराजश्रीने श्री हरिकृष्ण महाराज का अभिषेक तथा श्री घनश्याम महाराज की अन्नकूट आरती की।इस प्रसंग पर कालुपुर, जेतलपुर, एप्रोच तथा कलोल पंचवटी मंदिर से संतगण पधारे थे । शा.स्वा. भक्तिनंदनदासजी (जेतलपुर) तथा स्वा. हरिकृष्णदासजीने प्रासंगिक उद्बोधन किया । अंत में प.पू. बड़े महाराजश्रीने आशीर्वाद दिये । सभा के बाद धून करके सभीने प्रसाद ग्रहण किया।पाटोत्सव के यजमान प.भ. गुणवंतभाई डाह्याभाई पटेल थे। (गोरधनभाई सीतापरा)

श्री स्वामिनारायण मंदिर मोडासा

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीकी आज्ञा से मोडासा श्री स्वामिनारायण मंदिर (सोनीवाडा) में अमृतभाई पटेल तथा

सुभाषभाई सोनी आदि हरिभक्तोने तथा घनश्याम मंडल की बहनोने साथ मिलकर झूलोत्सव, जन्माष्टमी तथा श्री नरनारायणदेव महोत्सव तथा ४२ वें जन्मोत्सव के उपलक्ष में धून की गयी। (के. बी. प्रजापति)

श्री स्वामिनारायण मंदिर बोपल

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीकी शुभ आज्ञा से तथा प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री के आशीर्वाद से श्री स्वामिनारायण मंदिर बोपल में प्रत्येक उत्सवो को धूमधाम से मनाया गया । चातुर्मास में सभी छोटे बच्चे सभीने यथायोग्य नियमो को धारण किये।

सावन महीने में झुलोत्सव तथा जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया । यज्ञपुरुष स्वामीने दशमस्कंधकी सुंदर कथा की । रात में १२-०० बजे श्री कृष्ण जन्मोत्व की आरती का लाभ प.भ. वाडीभाई नगीनभाई ठक्कर परिवारने लिया।

कोठारी अमृतभाई पटेल, श्री राजुभाई पटेल तथा प्रशांतभाई व्यास आदि युवक सेवा में जुडे थे।

(प्रविणभाई उपाध्याय)

श्री स्वामिनारायण मंदिर हिंमतनगर कथा पारायण, विभिन्न प्रवृत्तिओ में प.पू. लालजी महाराजश्री का आगमन

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीकी आज्ञा-आशीर्वाद से हिंमतनगर के महंत स्वामी प्रेमप्रकाशदासजी की प्रेरणा से श्री स्वामिनारायण मंहिला मंडल के २७ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पंच दिनात्मक जनमंगल कथा की गयी । जिसमें सुरेन्द्रनगर की सांख्ययोगी बहनोने कथावार्ता का लाभ दिया । रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष में महापूजा हुई । महंत स्वमीने हरिभक्तों की सेवा की प्रशंसा की थी।

हिंमतनगर मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से ता. २९-८-१४ को बहनो की सुंदर सभा हुई । बहनोने भजन-धून कीर्तन समूह में करके १२ बजे आरती की।

ता. ३१-८-१४ रविवार को खिचडी उत्सव मनाया गया । संतोने श्रीहरि की महिमा समझायी । ता. ५-९-१४ जलझीलणी एकादशी को रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत बहनो की सभा हुई । जिस में विहार से सांख्ययोगी बहनोने पधारकर कथावर्ता का लाभ दिया।

प.पू. लालजी महाराजश्री का आगमन

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीकी आज्ञा से महंत प्रेमप्रकाश स्वामी की प्रेरणा से हिंमतनगर मंदिर में बिराजमानश्री घनश्याम महाराज के २५ वर्ष पूर्ण होने पर निज मंदिर का बांधकाम पूर्ण होने पर प.पू. भावि आचार्यश्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के सानिध्य में भव्य सत्संग सभा का आयोजन किया गया । प्रातः प.पू. लालजी महाराजश्रीके आगमन से यमजानश्री दिनेशभाई पशाभाई पटेल (सावोपरवाले) के घर पधरामणी करके नूतन ओफिस का उद्घाटन करके सभा में पधारे थे । सभी को आशीर्वाद देकर उत्सव में सेवा करने का अनुरोधकिये।

(श्री नरनारायणदेव युवक मंडल, हिंमतनगर)

श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में बाल सत्संग मंडल चित्र स्पर्धा

प.पू. लालजी महारजश्री १०८ श्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से श्री नरनारायणदेव बाल सत्संग मंडल, कालुपुर अमदावाद द्वारा ता. ७-९-१४ को मंदिर के सभामंडप में श्री घनश्याम बाल लीला चरित्रो की स्पर्धा का आयोजन किया गया जिस में ४८ बच्चो ने भाग लिया । निम्न लिखित बालमित्रो को प्रोत्साहन इनाम दिया गया।

(१) हर्षिल रविन्द्रभाई मोदी (उं. १२ वर्ष) (२) यौहाण यश (उम्र १२ वर्ष) (३) पारेख ओम (उम्र. १२ वर्ष) (४) पाटीदार मितेष ए. (उम्. १२ वर्ष) (५) राहुल राजुभाई (उम्र. १० वर्ष)

उपरोक्त बच्चों की उत्तरोत्तर प्रगति हेतु प.पू. लालजी महाराजश्रीने आशीर्वाद दिये । इनाम पात्र बालमिो को वोल क्लोक तथा भाग लेने वाले मित्रो को प्रोत्साहन इनाम दिया गया।

(गोपालभाई मोदी एडवोकेट)

देवसण गाँव में मूर्ति प्रतिष्ठा

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीकी आज्ञा-आशीर्वाद से तथा समग्र धर्मकुल के आशीर्वाद से, जेतलपुर के मंहत शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी तथा स.गु.शा.स्वा. पुरुषोत्तमदासजी की प्रेरणा से महेसाणा जिल्ला के देवरासण गाँव में ता. २५-९-१४ को प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के वरद् हाथों से नूतन मंदिर में सर्वोपरि श्रीहरि की पुनः प्राणप्रतिष्ठा धूमधाम से की गयी।

मूर्ति प्रतिष्ठा के अंतर्गत महापूजा का आयोजन किया गया। समग्र हरिभक्तोने उत्साह पूर्वक तन, मन, धन से सेवा की । प्रासंगिक सभा में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का पूजन, अर्जन, आरती यजमान परिवार तथा मंदिर निर्माण में सेवा प्रदान करने वाले भक्तो में नारणपर (कच्छ) वर्तमान में लंडन में रहने वाले प.भ. नारजीभाई हीराणी, मावजी हीराणी, शिवाजी हिराणी तथा नारणभाई मोदी परिवार ने महेसाणा तथा देवरासण के चारण परिवार आदि भक्तगण थे । पू.पी.पी. स्वामी ने मंदिर तथा गाँव के इतिहास की बात थी । अंत में समस्त सभा को प.पू. आचार्य महाराजश्रीने आशीर्वाद दिये । इस प्रसंग पर जेतलपुर, मेहसाणा, मकनसर, छपैया आदि धाम के संतगण पधारे थे।

(चिमन काका पटेल भाल)

खेरवा श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू. आचार्य महाराजश्री पधारे

श्री नरनारायणदेव गादी पदारुढ बाद प्रथम बार प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री ता. २५-९-१४ को खेरवा मंदिर में दर्शन हेतु पधारे थे । यहाँ जेतलपुर मंदिर के संतो द्वारा मंदिर में सत्संग सभा का सुंदर आयोजन किया गया । आचार्य महाराजश्री का सभी

हरिभक्तोंने पूजन, अर्चन, आरती करके आशीर्वाद लिये । सभी हरिभक्तों को पू. शा.पी.पी. स्वामीने सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव तथा सर्वोपरि गादी का माहात्म्य समझाया । प.पू. आचार्य महाराजश्रीने भक्तों को प्रसन्न होकर आशीर्वाद दिये ।

(हरेशभाई खेरवा)

विदेश सत्संग समाचार

श्री स्वामिनारायण मंदिर (आई.एस.एस.ओ.) ब्राईटन (यु.के.)

श्रीहरि की परम कृपा से तथा श्री हरि के अपर स्वरुप श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री तथा प.पू. बड़े महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से इसो ब्राईटन श्री स्वामिनारायण मंदिर का १५ वाँ पाटोत्सव ता. ५-९-१४ से ता. ७-९-१४ तक विधिपूर्वक मनाया गया ।

पाटोत्सव के अंतर्गत श्रीमद् भागवत दशम स्कंधकथा स्वामी घनश्यामप्रकाशदासजी तथा स्वामी भगवतचरणदासजी (मूली)ने की । समग्र प्रसंग में ब्राईटन मंदिर के प्रमुखश्री प्रकाशभाई कानजी, सभ्यश्रीओने तथा समग्र सत्संग समाजने सुंदर सेवा की व्यवस्था की । (शामजी भगत पुजारी)

श्री स्वामिनारायण मंदिर कोलोन्नीया में ९ वाँ पाटोत्सव

श्री स्वामिनारायण मंदिर कोलोनिया (अमेरिका: का ९ वाँ पाटोत्सव प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीकी आज्ञा से तथा प.पू. बड़े महाराजश्री के आशीर्वाद से अगस्ट के अंतिम सप्ताह में मनाया गया । इस प्रसंग में महंत शा. धर्मकिशोरदासजीने सुंदर कथामृत का पान करवाया । एकादशी की पूर्व संध्या को प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री पधारी थी । तथा आशीर्वाद देकर बहुत प्रसन्न हुई । भव्य पोथीयात्रा, धुन, कीर्तन, भक्ति के साथ रास-गरबा धूमधाम से मनाया गया । बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये । संतो की प्रेरकवाणी तथा यजमानो मुकुट-गहने-वस्त्र-आभूषण आदि अर्पण किये गये तथा अन्य सेवा में योगदान करने वालों का सन्मान किया गया । अंत में अन्नकूट आरती का दर्शन करके सभीने प्रसाद ग्रहण किया। (प्रविणलाल शाह)

मूली लुईवील (कंटकी) श्री स्वामिनारायण मंदिर में गणेथ उत्सव

नूतन भव्य मूली लुईवील कंटकी (अमेरिका) श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीकी आज्ञा से तथा प.पू. बड़े महाराजश्री के आशीर्वाद से अगस्क के अंतिम सप्ताह में गणेश चतुर्थी का उत्सव विसर्जन (एकादशी) के पवित्र दिन पर महंत शा. धर्मवल्लभदासजी, महंत शा. हरिनंदनदासजी तथा शा. व्रजवल्लभ स्वामी की उपस्थिति में हरिभक्तोने मंदिर के पास भगवान का विसर्जन करके मनाया । सुंदर कथा, वार्ता, धुन, भजन, कीर्तन सभी ने मिलकर किया । भरतभाई गांडाभाई पटेल तथा रोहितभाई डाह्याभाई पटेल जिसके यजमान थे । २५ भक्तोंने पूजा का लाभ लिया । कमिटी सभ्यगण, हसमुखभाई तथा रसोई की सेवा करने वाली बहनो की सेवा प्रेरणारुप थी ।(प्रविणभाई)

जेतलपुर चेरीहील मंदिर का ७ वाँ पाटोत्सव

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीकी आज्ञा से तथा प.पू. बड़े महाराजश्री के आशीर्वाद से, अमेरिका के जेतलपुर के चेरीहील श्री स्वामिनारायण मंदिर का ७ वाँ पाटोत्सव अगस्त के अंतिम सप्ताह में प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुपा बड़ी गादीवालाश्री, पू. श्री बिंदुराजा, श्री सौम्यकुमार तथा श्री सुव्रतकुमार के सानिध्य में तथा आई.एस.एस.ओ. के प्रत्येक चेप्टरो के संतो महंतो की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया ।

इस प्रसंग पर महंत स्वामी सिद्धेश्वरदासजीने श्रीहरि के ऐश्वर्य दर्शन की त्रिदिनात्मक कथा श्रोताओ को सुनाई । महानुभाव संतोने अपनी प्रेरक वाणी का लाभ दिया । महंत स्वामीने यजमान परिवार का सन्मान किया । मेहमानो तथा भक्तों का सन्मान मंदिर की तरफ से जयवल्लभ स्वामीने किया । बहनो द्वारा प.पू. बड़ी गादीवालाश्री, पू. बिन्दुराजा तथा श्री सुव्रतकुमार तथा श्री सौम्यकुमार का फूलहार से स्वागत किया गया । अंत में थाल आरती के बाद ठाकुरजी के अन्नकूट की आरती की गयी ।

(प्रविण शाह)

सं. २०७१ के नूतन वर्ष का डट्टा श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अमदावाद के साहित्य केन्द्र से मिलेगा

श्री नरनारायणदेव पिठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा से तथा शुभ संकल्प से तथा स.गु. स्वा. देवप्रकाशदासजी तथा स.गु. पी.पी. स्वामी (नारायणघाट मंहत)श्री के मार्गदरशन में नव निर्मित श्री स्वामिनारायण मंदिर विबोदरा की मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव समग्र धर्मकुल की उपस्थिति में ता. ३१-१०-१४ से ता. ४-१-१४ तक बडी भव्यता से मनाया जायेगा । इस प्रसंग पर देवदर्शन, धर्मकुल दर्श; तथा कथा श्रवण के लाभ हेतु आप सभी को भावभीना आमंत्रण है ।

(भीखाभाई कोठारी)

संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक : महंत शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी द्वारा, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद के लिए श्रीस्वामिनारायण प्रिन्टींग प्रेस, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ से मुद्रित एवं श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ द्वारा प्रकाशित ।

प.पू.ध.ध. आचार्य महाराजश्री १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री का
४२ वाँ जन्मोत्सव तथा गादी अभिषेक दशाब्दी महोत्सव ।

Registered under RNI NO.-GUJHIN/2007/20220 "Permitted to post at Ahd PSO on 11th every month under postal Regd. No.GUJ.581/12-14 issued SSP Ahd Valid up to 31-12-2014